# टोक्यो में मित्सुई-कोनोइके को बड़े निवेश का न्योता

## सीएम योगी का निवेश अभियान, निवेशकों से बोले- यीडा में विकसित हो रहे चिकित्सा उपकरण पार्क जापानी कंपनियों के लिए सुनहरा अवसर

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी को भविष्य की अर्थव्यवस्था और वैश्विक आपूर्ति शृंखला का सशक्त केंद्र बनाने के उद्देश्य से सीएम योगी आदित्यनाथ ने जापान दौरे के पहले दिन टोक्यो में शीर्ष कंपनियों के साथ व्यापक निवेश वार्ता की। सीएम ने जापान की अग्रणी वैश्विक व्यापार एवं निवेश कंपनी मित्सुई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी (अवसंरचना परियोजना प्रभाग) काजुकी शिमिजु से मुलाकात कर यूपी में परिवर्तनकारी निवेश का आमंत्रण दिया।

बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा (सौर, जैव-ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण), सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (सूचना प्रौद्योगिकी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, डिजिटल सेवाएं, स्टार्टअप पारितंत्र), अर्धचालक निर्माण तथा विशाल डाटा केंद्र और क्लाउड अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में निवेश संभावनाओं पर चर्चा हुई। इसके बाद सीएम ने कोनाइके ट्रांसपोर्ट के वरिष्ठ प्रबंध कार्यकारी अधिकारी शीगेकी तानावे के साथ बैठक कर लॉजिस्टिक्स पार्क, भंडारण केंद्र, बहु-मोड परिवहन अवसंरचना और चिकित्सा उपकरण विनिर्माण में निवेश पर विमर्श किया।

उन्होंने समर्पित माल ढुलाई गलियारे से जुड़ाव, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और विकसित हो रहे औद्योगिक क्लस्टरों का उल्लेख करते हुए प्रदेश को निर्यातोन्मुख उद्योगों के लिए अनुकूल बताया। सीएम ने यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) क्षेत्र में विकसित हो रहे चिकित्सा उपकरण पार्क को जापानी कंपनियों के लिए सुनहरा अवसर बताया।



टोक्यो में भारतीय समुदाय के लोगों के साथ सीएम योगी। - सूचना विभाग

### जापान में चमका यूपी का ओडीओपी

**लखनऊ।** निवेश और औद्योगिक साझेदारियों के साथ सीएम योगी का सिंगापुर और जापान दौरा यूपी की सांस्कृतिक कूटनीति के लिए अहम साबित हुआ। इस दौरे में सीएम योगी ओडीओपी योजना के सबसे प्रभावी ब्रांड अंबेसडर के रूप में नजर आए। उन्होंने प्रमुख नेताओं, कॉर्पोरेट जगत के प्रतिनिधियों और बच्चों को यूपी के पारंपरिक शिल्प से तैयार 500 से अधिक विशिष्ट स्मृति-चिह्न भेंट कर प्रदेश की कारीगरी को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' की सोच को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। निवेश वार्ताओं के समानांतर सांस्कृतिक प्रतीकों के जरिये सीएम ने यह संदेश देने की कोशिश की कि यूपी केवल निवेश का गंतव्य ही नहीं, बल्कि समृद्ध परंपरा और शिल्प कौशल की धरती भी है।

- उन्होंने सिंगापुर और जापान के बच्चों के लिए मंडला आर्ट से बनी 300 से अधिक कलाकृतियां तैयार करवाई थीं। इन हस्तनिर्मित उपहारों को पाकर बच्चे उत्साहित दिखे। विदेशी मेहमानों ने यूपी की बारीक शिल्पकला की खुले दिल से सराहना की। उपहारों में फिरोजाबाद के रंगीन कांच से बनी भगवान श्रीराम, शिव, राधा-कृष्ण और बुद्ध की प्रतिमाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मुरादाबाद से ब्रास की शिव व बुद्ध प्रतिमाएं, वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी से सुसज्जित काशी विश्वनाथ मंदिर का मॉडल, बुद्ध व मोर की कलाकृतियां तथा सहारनपुर की लकड़ी से तैयार शिव और राधा-कृष्ण की प्रतिमाएं भी भेंट की गईं। बनारस की मीनाकारी ने विदेशी प्रतिनिधियों को खास तौर पर प्रभावित किया।

## डकैती की प्रवृत्ति वालों ने अंधेरे में रखा, हमने उजाला किया

### टोक्यो में भारतीय समुदाय से योगी ने किया संवाद

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने टोक्यो में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा हमला बोला। कहा, जिनकी प्रवृत्ति डकैती की थी, उन्होंने यूपी को अंधेरे में रखा। अंधेरे में काम करने वालों को उजाला रास नहीं आता। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त कर उजाले की ओर अग्रसर किया है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में सड़क, बिजली और कनेक्टिविटी का गंभीर संकट था। कहा, क्या उजाले में डकैती पड़ सकती है? यह सवाल करते हुए उन्होंने कहा कि जब प्रवृत्ति डकैती की हो तो काम अंधेरे में ही होता है, इसलिए प्रदेश को भी अंधेरे में रखा गया। उनकी सरकार ने संकल्प लिया कि उत्तर प्रदेश को डकैती और भय से मुक्त करना है तो उसे उजाले में लाना होगा।

- उन्होंने कहा, हम सूर्यपुत्र हैं और हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए। कहा, कानून-व्यवस्था में सुधार, बिजली आपूर्ति की सुनिश्चितता और आधारभूत ढांचे के विस्तार ने प्रदेश की छवि बदली है। पहले जहां उत्तर प्रदेश दंगों और कर्फ्यू की खबरों से पहचाना जाता था, वहीं अब दीपोत्सव, महाकुंभ और वैश्विक निवेश उसकी नई पहचान बन रहे हैं। अयोध्या में दीपोत्सव, काशी में देव दीपावली और मथुरा-वृंदावन में रंगोत्सव सकारात्मक परिवर्तन के प्रतीक हैं। ब्यूरो

### *महाकुंभ में आए श्रद्धालु बदली व्यवस्था का प्रमाण*

*उन्होंने कहा कि आज यूपी निवेश के नए केंद्र के रूप में उभरा है। सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन, लॉजिस्टिक्स पार्क व अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जैसे क्षेत्रों में निवेश हो रहा है। पहले इन क्षेत्रों में निवेश की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने प्रदेश में आए पर्यटकों और महाकुंभ में उमड़ी भीड़ का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बदली हुई व्यवस्था का प्रमाण है। सीएम ने भारतीय समुदाय को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रवासी भारतीयों से अपील की कि वे जापान और भारत के विकास में योगदान दें। जहां भी भारतीय मूल के लोग संकट में होते हैं, भारत उनके साथ खड़ा रहता है। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। सीएम ने बेटियों की प्रस्तुति की सराहना की और उनके साथ फोटो भी खिंचवाया। सभागार 'योगी-योगी' के नारों से गूंज उठा।*

***प्रभु श्रीराम की पावन धरा के 'आदित्य' का नमस्कार :*** *टोक्यो पहुंचने पर यामानाशी प्रांत के उप-राज्यपाल जुनिचि इशिदरा तथा जापान में भारत की राजदूत नगमा एम मलिक ने सीएम योगी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, उगते सूरज की नवोन्मेषी भूमि को प्रभु श्रीराम की पावन धरा के 'आदित्य' का नमस्कार।*